भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1444

सोमवार, 09 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक)

एनसीएस पोर्टल के लक्ष्य और उद्देश्य

1444. **श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल के लक्ष्यों और उद्देश्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या एनसीएस पोर्टल आंध्र प्रदेश राज्य के राज्य रोजगार एक्सचेंजों के साथ एकीकृत है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) एनसीएस द्वारा आंध्र प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को प्रदान की जाने वाली करियर परामर्श और व्यावसायिक मार्गदर्शन सेवाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश में आयोजित रोजगार मेलों, लघु सूचीयन किए गए उम्मीदवारों और रोजगार पाने वाले उम्मीदवारों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा और मूल्यांकन तथा मार्च, 2026 तक 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान नए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ङ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल देश भर के सभी हितधारकों को निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए एक वन-स्टॉप समाधान है। एनसीएस परियोजना का उद्देश्य रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं को निर्बाध पहुंच प्रदान करना, देश के इच्छुक युवाओं को अच्छे रोजगार के अवसर प्रदान करना और करियर विकास सहायता की सुविधा प्रदान करना है।

एनसीएस पोर्टल अपने पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को ऑनलाइन/ऑफ़लाइन करियर परामर्श और व्यावसायिक मार्गदर्शन सेवाएँ प्रदान करता है। एनसीएस पोर्टल पर 1182 से ज़्यादा करियर काउंसलर जुड़ चुके हैं। अब तक देश भर में 55 लाख से ज़्यादा ऑनलाइन/ऑफ़लाइन करियर गाइडेंस सेशन हो चुके हैं, जिनमें से 3.46 लाख से ज़्यादा सत्र आंध्र प्रदेश में हुए हैं।

वित्तीय वर्ष 2022-23, वर्ष 2023-24, वर्ष 2024-25 और वर्ष 2025-26 के दौरान दिनांक 20.01.2026 तक, आंध्र प्रदेश राज्य में क्रमशः कुल 450, 934, 1108 और 951 रोजगार मेले आयोजित किए गए और इन रोजगार मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक रिक्तियां जुटाई गईं।

एनसीएस पोर्टल अन्य बातों के साथ-साथ रोजगार चाहने वालों की रोजगार क्षमता, डिजिटल और करियर कौशल को बढ़ाने और युवाओं को आवश्यक रोजगार योग्य कौशल की एक श्रृंखला से सशक्त और समर्थ बनाने के लिए, ऑनलाइन रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम, डिजिटल कौशल वृद्धि कार्यक्रम और स्व-गतिशील (सेल्फ-पेस) करियर कौशल कार्यक्रम आयोजित करता है।

अब तक, 30 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (आंध्र प्रदेश सहित) को एनसीएस पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है, जिसमें 7 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सीधे एनसीएस पोर्टल का उपयोग कर रहे हैं।

इसके अलावा, मंत्रालय ने सभी रोजगार चाहने वालों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने हेतु सार्वजनिक-निजी भागीदारी को मजबूत करने के लिए निजी और सार्वजनिक नियोक्ताओं/पोर्टलों/प्लेटफार्मों के साथ कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। अब तक 35 से अधिक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनमें अपना, स्विगी, रैपिडो, जोमैटो, अमेज़ॅन, टीसीएस आईओएन, क्विकर, फाउंडइट (मॉन्स्टर) आदि जैसे अन्य कई निजी भागीदारों के साथ समझौता ज्ञापन शामिल हैं जो एनसीएस पोर्टल पर उपलब्ध जॉब फेयर लिस्टिंग, कौशल विकास कार्यक्रम, करियर काउंसलिंग आदि जैसी सुविधाएं प्रदान करते हैं।

सरकार प्रत्येक वित्त आयोग की अवधि शुरू होने से पहले सभी योजनाओं और कार्यक्रमों की सुनियोजित समीक्षा और मूल्यांकन करती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे लगातार प्रासंगिक, प्रभावी और बदलती प्राथमिकताओं के साथ तालमेल बिठा सकें।

******